प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कुलपति आवास पर होली पर्व हर्षोल्लास के मनाया गया

विश्वविद्यालय में कुलपति आवास (तराई भवन) पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं परिसरवासियों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने एक–दूसरे को रंगों से सराबोर कर, इस पर्व का आनंद लिया और आपस में भाईचारे एवं स्नेह का आदान–प्रदान किया तथा उत्तरांचल संगम समिति के सदस्यों द्वारा उत्तराखण्ड के लोक नृत्य एवं संगीत के मधुर धुन साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस उत्सव को मनाने में विदेशी मेहमानों ने भी शिरकत की।

कुलपति ने इस अवसर पर सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि होली न केवल रंगों का त्यौहार है, बल्कि यह एकता, भाई–चारे और प्रेम का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस पर्व को पूरी खुशी और सुरक्षा के साथ मनाएं और किसी भी प्रकार की नफरत और वैमनस्य से दूर रहें।

इस दौरान, विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी भी शामिल हुए और रंगों के साथ इस उत्सव को मनाया। कुलपति ने इस मौके पर सभी के चेहरे पर खुशी देखी और सभी को सुरक्षित तरीके से होली मनाने की सलाह दी। समारोह के अंत में, सभी ने एक दूसरे के साथ मिलकर उत्सव की खुशियाँ साझा की और समृद्धि एवं एकता की कामना की। होली के इस उल्लासपूर्ण मौके पर सभी ने एक दूसरे से मिलकर पर्व को और भी यादगार बना दिया। विश्वविद्यालय से फ्रांस गये 20 विद्यार्थियों के दल ने भी होली के इस त्यौहार को वहां पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कुलपति आवास पर होली पर्व को मनाते परिसरवासी।

फ्रांस में होली पर्व मनाते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

निदेशक संचार